पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

विश्वविद्यालयों में रोजगार परक शिक्षा देने हेतु उठाये जाएं कारगर कदम

छात्र–छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने हेतु किया जाए जागरूक

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 27 जून, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के अधीन आने वाले राजकीय एवं अनुदानित कालेजों के सम्बन्ध में कुलपति, कुल सचिव, रजिस्टार एवं प्राचार्यों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों में रोजगार परक शिक्षा देने हेतु कारगर कदम उठाये जाएं, ताकि छात्र–छात्राओं को रोजगार परक शिक्षा मुहैया करायी जा सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में गोष्ठी का आयोजन कर छात्र–छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए जानकारियाँ देकर जागरूक करें, जिससे उन्हें साइबर क्राइम के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

बैठक में श्री राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय के उपयोग हेतु आवश्यक वस्तुओं के क्रय हेतु जेम पोर्टल पर पंजीकृत विशिष्ट कम्पनियों से

उत्पादों को खरीदना सुनिश्चित किया जाय। नये शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन फैकल्टियों के शैक्षणिक सत्र को आरम्भ किया जाना है, उनके भवनों के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराया जाय ताकि शैक्षिक सत्र सुगमता से चले। उन्होंने विश्वविद्यालय कैम्पस के अन्दर सम्पर्क मार्ग, शौचालय, पीने का पानी, पाइपलाइन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सत्र आरम्भ होने से पहले पूर्ण कराने को कहा। इसी क्रम में उन्होंने कैम्पस के अन्दर इण्टरनेट, पुस्तकालय, फर्नीचर एवं पुस्तकों की टेण्डर प्रक्रिया की कार्यवाही समय से पूर्ण कराने का निर्देश भी दिया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल महोदया ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

श्री राज्यपाल जी ने शिक्षा के चहुमुंखी विकास पर बल देते हुए कहा कि हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि कोई भी छात्र–छात्रा शिक्षा से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि आज बेटियाँ हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। जरूरत इस बात की है कि अभिभावकगण अपने बेटो के साथ–साथ बेटियों को भी अनिवार्य रूप से शिक्षित करें।

इस अवसर पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर के कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

—————

डॉ0 सीमा गुप्ता/चन्द्र विजय वर्मा,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9044381834